**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग । अक्षर गलत हो गया**

**सत्रांत परीक्षा के अभ्यास हेतु नमूना प्रश्नपत्र - (2020-21) ऑनलाइन माध्यम**

**कक्षा : चतुर्थ** **विषय : हिन्दी** **समय : 1 घंटा**

**नाम : ............................................ कक्षा एवं वर्ग : .................. दिनांक : ................ अनुक्रमांक :.....**

| दक्षताएं | पठन (5) | व्याकरण(3) | वर्तनी(2) | गद्य व पद्य(7) | रचनात्मक लेखन(6) | सुलेख (2) | योग (25) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

.....................................................................................................................

**ऑनलाइन माध्यम - प्रश्नपत्र के प्रथम खंड में, पठन, व्याकरण, तथा वर्तनी संबंधी दक्षताओं की परीक्षा ली जाएगी, जिसमें 1 अंक वाले कुल 10 बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं । प्रश्नपत्र के द्वितीय खंड में, (पाठ्य पुस्तक के गद्य व पद्य, रचनात्मक लेखन तथा सुलेख से संबन्धित 3 अतिलघु उत्तरीय प्रश्न तथा 6 लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गए हैं। इस प्रकार यह प्रश्नपत्र कुल 25 अंक का है। इस प्रश्न पत्र को गूगल फार्म या एमएस फार्म के माध्यम से कराया जा सकता है। इसकी समयावधि कुल 1 घंटा होगी (½ घंटा प्रथम खंड हेतु + ½ द्विवितीय खंड हेतु)। इस प्रश्नपत्र के द्विवितीय खंड के प्रश्न क्र. 11 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर सभी विद्यार्थी अपनी कापी में लिखकर उनका फोटो खींचकर jpg अथवा pdf फ़ाइल में (जैसा संभव हो) निर्धारित स्थान (add file) में अपलोड करके सबमिट (submit) करेंगे। विद्यार्थियों को अपलोडिंग हेतु 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।**

.....................................................................................................................

## प्रथम खंड - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) 10 अंक

## (पठन) पठित गद्यांश (1x5 = 5)

निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक समझकर पढ़िए और उसके आधार पर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिये।

हुदहुद एक बहुत ही सुंदर पक्षी है। इसके शरीर का सबसे सुंदर भाग इसके सिर की कलगी होती हैं। वैसे तो यह इसे समेटे रहता है पर जैसे ही किसी तरह की आवाज़ होती हैं यह चौकन्ना होकर परों को फैला लेता है। तब वह कलगी देखने में हू-ब-हू किसी सुंदर पंखी जैसी लगने लगती है। हुदहुद का सारा शरीर रंग-बिरंगा और चमकीला होता है।

1.हुदहुद पक्षी के लिए सबसे उपयुक्त शब्द इनमें से कौन सा है?

I. सुंदर
II. कुरूप
III. अच्छा

2. हुदहुद के शरीर का कौन सा भाग सबसे सुंदर दिखता है ?

I. सिर की कलगी
II. पंजे
III. पंख

3. हुदहुद का सारा शरीर कैसा होता है?

I. काला
II. रंगीन
III. रंग बिरंगा और चमकीला

4. ज़रा सी आवाज़ सुनाई देने पर हुदहुद क्या करता है?

I. चौकन्ना होकर पंखों को फैला लेता है
II. नाचने लगता है उड़ने लगता है
III. ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाता है

5. हुदहुद की कलगी किस तरह दिखती है?

I. छतरी की तरह
II. सुंदर पंखी की तरह
III. छप्पर की तरह

**(व्याकरण) 1x3 = 3 (MCQs)**

6. 'पोथी' शब्द का क्या अर्थ है?

I. दुकान
II. अलमारी
III. पुस्तक

7. 'दोना' शब्द का बहुवचन इनमें से कौन सा है?

I. दोने

II. दानों
III. दोनाओ

8. 'स्वतंत्रता' शब्द का इनमें से क्या अर्थ है ?

I. आज़ादी
II. गुलामी
III. परतंत्रता

## वर्तनी (1 x 2 = 2 अंक) (MCQs)

9. नीचे कुछ वाक्य दिए गए हैं उनमें से रेखांकित शब्द को ध्यान से देखो इन वाक्यों में कौन सा वाक्य सही है ?

I. मां ने मेज पर ***नाश्ता*** लगा दिया था ।
II. मां ने मेज पर ***नास्ता*** लगा दिया था ।

10. नीचे कुछ वाक्य दिए गए हैं उनमें से रेखांकित शब्द को ध्यान से देखो इन वाक्यों में कौन सा वाक्य सही है ?

I.सुनीता के लिए यह सब कर पाना ***कठिन*** था।
II.सुनीता के लिए यह सब कर पाना ***कठीन*** था।

.....................................................................................................................

## द्वितीय खंड - ( वर्णनात्मक लिखित परीक्षा )

**गद्य-पद्य संबंधी प्रश्न - प्रश्न क्र.11से13 तक** अति लघु उत्तरीय प्रश्न - (1 x 3 = **3** अंक)

**प्रश्न क्र. 14 से 15 तक** लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 2 = **4** अंक)

**रचनात्मक लेखन - प्रश्न क्र. 16 से 18 तक** लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 3 = **6** अंक)

**सुलेख - प्रश्न क्र. 19** लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 1 = **2** अंक)

.....................................................................................................................

11. 'मुफ़्त ही मुफ़्त' किस राज्य की लोककथा है?

......................................................................................................................

12. सुनीता की माँ ने उससे दुकान से क्या मँगवाया था?

......................................................................................................................

13. भीखूभाई क्या खाना चाहते थे?

..................................................................................................................

14. नीना चुन्नू और टिंकू से ही दाल क्यों बनवाना चाहती होगी?

..................................................................................................................

15. धनी ने गांधी जी से सुबह के समय बात करना क्यों ठीक समझा होगा?

..............................................................................................................

......................................................................................................................

## **<u>रचनात्मक लेखन</u>**

1 अपने विद्यालय के पुस्तकालय को और अच्छा बनाने हेतु कोई दो सुझाव दीजिए जिससे आपके विद्यालय में पुस्तकालय और अच्छा लगने लगे।

......................................................................................................................

......................................................................................................................

2. मान लीजिए कि आप डॉक्टर हैं,आपके सामने एक पेट दर्द से परेशान व्यक्ति बैठा है। आप उसकी परेशानी से संबंधित कौन-कौन सी दो बातें पूछेंगे?

......................................................................................................................

......................................................................................................................

3. आपने खेत में काम करते हुए किसान को देखा होगा। इस किसान के बारे में सोचें तथा बताएं कि आप अगर किसान होते तो क्या करते?

.........................................................................................................................

.........................................................................................................................

## सुलेख

प्रश्न 19. नीचे लिखे गद्यांश को सुंदरता एवं शुद्धता के साथ अपने हस्तलेख में लिखिए |

नैतिक मूल्य मनुष्य के जीवन में बहुत आवश्यक है। सब पर दया करना, बड़ों का आदर करना, सच बोलना, सबको अपने समान समझते हुए उनसे प्रेम करना आदि कार्य नैतिक मूल्य कहलाते हैं।

.........................................................................................................................

.........................................................................................................................

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग ।**

**सत्रांत परीक्षा के अभ्यास हेतु नमूना प्रश्नपत्र-(2020-21) की अंक योजना**

कक्षा : चतुर्थ                    विषय : हिन्दी

## प्रथम खंड - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) 10 अंक

### (पठन)

**प्रत्येक सही विकल्प चुनने के लिए एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा गलत विकल्प चुनने या कोई विकल्प न चुनने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**प्रत्येक प्रश्न के सही विकल्प इस प्रकार हैं।**

1.हुदहुद पक्षी के लिए सबसे उपयुक्त शब्द इनमें से कौन सा है?

सुंदर

2. हुदहुद के शरीर का कौन सा भाग सबसे सुंदर दिखता है ?

सिर की कलगी

3. हुदहुद का सारा शरीर कैसा होता है?

रंग बिरंगा और चमकीला

4. ज़रा सी आवाज़ सुनाई देने पर हुदहुद क्या करता है?

चौकन्ना होकर पंखों को फैला लेता है

5. हुदहुद की कलगी किस तरह दिखती है?

सुंदर पंखी की तरह

### (व्याकरण)

6. 'पोथी' शब्द का क्या अर्थ है?

पुस्तक

7. 'दोना' शब्द का बहुवचन इनमें से कौन सा है?

दोने

8. 'स्वतंत्रता' शब्द का इनमें से क्या अर्थ है ?

आज़ादी

## (वर्तनी)

9. नीचे कुछ वाक्य दिए गए हैं उनमें से रेखांकित शब्द को ध्यान से देखो इन वाक्यों में कौन सा वाक्य सही है ?

मां ने मेज पर ***नाश्ता*** लगा दिया था ।

10. नीचे कुछ वाक्य दिए गए हैं उनमें से रेखांकित शब्द को ध्यान से देखो इन वाक्यों में कौन सा वाक्य सही है ?

सुनीता के लिए यह सब कर पाना ***कठिन*** था।

## द्वितीय खंड - ( वर्णनात्मक लिखित परीक्षा ) 15 अंक
## (गद्य एवं पद्य)

**प्रश्न 11 से 13 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**प्रत्येक प्रश्न के संभावित सही उत्तर इस प्रकार हैं।**

11. मुफ़्त ही मुफ़्त किस राज्य की लोककथा है?

गुजरात

12. सुनीता की माँ ने उससे दुकान से क्या मँगवाया था?

एक किलो चीनी

13. भीखूभाई क्या खाना चाहते थे?
नारियल

**प्रश्न 14 से 15 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे आधा उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**14. नीना चुन्नू और टिंकू से ही दाल क्यों बनवाना चाहती होगी?**

चुन्नू और टिंकू को आग जलाना तक नहीं आता था। वे अच्छी तरह दाल बनाना भी नहीं जानते थे।नीना चाहती होगी कि जब वह दोनों आग जलाने और दाल बनाने में परेशान होंगे तब वे सब उन दोनों पर हँसेंगे।

15. धनी ने गांधी जी से सुबह के समय बात करना क्यों ठीक समझा होगा?

सुबह के वक़्त आश्रम में टहलते समय महात्मा गांधी जी के पास बात करने का पर्याप्त समय होता था। बाकी समय वे लोगों से घिरे रहते थे।

## (रचनात्मक लेखन)

**प्रश्न 16 से 18 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे आधा उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**परीक्षक अपने अनुभव, समझ और विवेक से सही उत्तर के बारे में उचित निर्णय लें और उचित अंक प्रदान करें ।**

## (सुलेख)

**प्रश्न 19 हेतु विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए अनुच्छेद की शुद्धता, स्वच्छता, तथा उचित अक्षर, शब्द वाक्य रचना के आधार पर आकलन करते हुए सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे तथा आंशिक उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**परीक्षक अपने अनुभव, समझ और विवेक से सही उत्तर के बारे में उचित निर्णय लें और उचित अंक प्रदान करें ।**